लोकः समस्ताः सुखिनो भवन्तु
छत्तीसगढ़ शासन
विष्णु की पाती
छत्तीसगढ़ के जन-मन के लिए
सुशासन का 1 साल
छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल
Get Latest CMO Chhattigarh Feed@
Scan QR

विष्णु की पाती
छत्तीसगढ़ के जन-मन के लिए

आदरणीय बहन ....

जय जोहार,

आप सभी के भरपूर समर्थन और आशीर्वाद से हमारी सरकार के एक साल पूरे हुए हैं। जनादेश के वर्षगांठ की यह खुशियां साझा करने आपको यह पाती भेज रहा हूँ। हमारा मानना है कि माताओं-बहनों की खुशहाली ही 'छत्तीसगढ़ महतारी' का वंदन है। हमारी सरकार ने इसके लिए महतारी वंदन योजना शुरु की है। हर महीने हम 70 लाख से अधिक माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना का लाभ दे रहे हैं। यह आपके भाई की ओर से आपको सादर उपहार है।

यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी के अनुरुप राज्य में माताओं-बहनों के आत्म सम्मान बढ़ाने और स्वावलंबन के लिए यह पुनीत कार्य हो रहा है। जब हम माताओं-बहनों के खाते में राशि भेजते हैं, तो हमें गौरव की अनुभूति होती है। मुझे खुशी है कि माता-बहनें अपनी मर्जी से इस राशि का उपयोग कर रही हैं। कहीं कोई बहन अपने परिवार की रोजमर्रा की जरूरतों, परिवार के पोषण और स्वास्थ्य के लिए इस राशि का उपयोग कर रही है, तो कहीं कोई माता अपने बच्चों की पढ़ाई में इसे खर्च कर रही हैं। सारंगढ़ क्षेत्र के 'दानसरा' गांव की माताएं-बहनें तो इस राशि से रामलला का सुंदर मंदिर बना रही है। यह सब जानकर मन भाव-विभोर हो जाता है।

महतारी वंदन योजना का लाभ ले रही अनेक माताओं-बहनों ने इस राशि से स्वयं का व्यवसाय भी शुरु किया है। जो माताएं-बहनें अपने व्यवसाय को बढ़ाने चाहती हैं या नया व्यवसाय शुरु करना चाहती हैं, उन्हें महतारी शक्ति ऋण योजना के अंतर्गत 25 हजार रुपए तक ऋण भी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।

हम पूरे संकल्प के साथ मां भारती और छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा कर रहे हैं। आप सभी की भागीदारी के साथ प्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है। आपका यह भाई हमेशा आपके साथ खड़ा है। ईश्वर आपको तथा आपके परिवार को निरंतर सुख-समृद्धि प्रदान करें।

आप सभी को आगामी नववर्ष की शुभकामनाएं

आपके स्नेह-दुलार का चिर आंकाक्षी

आपका

विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

सुशासन का 1 साल
छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल

लोकः समस्ताः सुखिनो भवन्तु